केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सं: सीबीएसई//मीडिया व जन-संपर्क /परामर्श/2025 दिनांक: 19.12.2025

सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों/ संस्थानों के
सभी प्रधानाचार्य/विद्यालय प्रमुख

विषय: सीबीएसई विद्यालयों हेतु सीबीएसई हब एवं स्पोक स्कूल मॉडल पर अभिविन्यास कार्यक्रम के संबंध में।

महोदया/महोदय,

सीबीएसई द्वारा पूर्व में *सीबीएसई हब एवं स्पोक स्कूल मॉडल* को संबद्ध विद्यालयों के बीच सहयोगात्मक अधिगम तथा संसाधनों के सर्वोत्तम साझा उपयोग को बढ़ावा देने हेतु एक रणनीतिक पहल के रूप में जारी किया गया था। इस मॉडल के प्रति जागरूकता बढ़ाने, इसके प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने तथा इससे अधिकतम लाभ प्राप्त करने के उद्देश्य से, सीबीएसई द्वारा सीबीएसई हब एवं स्पोक विद्यालयों के लिए एक अभिविन्यास कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सहभागी विद्यालयों के नेटवर्क को सुदृढ़ करेगा तथा छात्र कल्याण हेतु मॉडल के सुचारु क्रियान्वयन में सहायक होगा।

अतः सीबीएसई के हब एवं स्पोक विद्यालय निम्नलिखित कार्यक्रम-सारणी के अनुसार इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं:

दिनांक एवं समय : 26 दिसंबर 2025 (शुक्रवार) (प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 2:00 बजे तक)

स्थान : भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम, ओटीएस के सामने, के.एम. मुंशी मार्ग, जयपुर, राजस्थान – 302015

प्रतिभागी : प्रधानाचार्य/उप-प्रधानाचार्य/ परामर्शदाता/वेलनेस शिक्षक

पंजीकरण लिंक : https://forms.gle/nSb4VR6d2ykZGoFp7
(प्रतिभागी पूर्व-कार्यक्रम औपचारिकताओं हेतु प्रातः 9:30 बजे तक पहुँच सकते हैं।)

उद्देश्य:

- हब एवं स्पोक स्कूल मॉडल की रूपरेखा एवं दिशानिर्देशों की समझ विकसित करना।
- हब एवं स्पोक विद्यालयों के बीच सहयोगात्मक अधिगम एवं संसाधन साझा करने को प्रोत्साहित करना।
- संस्थागत समन्वय तथा श्रेष्ठ पद्धतियों के प्रसार को सुदृढ़ करना।
- मॉडल के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु क्षमता निर्माण को बढ़ावा देना।
- हब एवं स्पोक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं समन्वयकों के बीच नेटवर्किंग को प्रोत्साहित करना।

महत्वपूर्ण निर्देश:

- पंजीकरण शुल्क नहीं है। प्रतिभागी उपर्युक्त पंजीकरण लिंक के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।
- चयनित प्रतिभागियों को पुष्टि ई-मेल के माध्यम से भेजी जाएगी।
- यात्रा एवं आवास व्यय (टीए/डीए) प्रतिभागियों द्वारा स्वयं वहन किया जाएगा।

अतः सीबीएसई के हब एवं स्पोक विद्यालयों को निर्देशित किया जाता है कि वे छात्र परामर्श ढांचे को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम में सहभागिता हेतु कम से कम दो प्रतिनिधियों (अधिमानतः प्रधानाचार्य/उप-प्रधानाचार्य तथा काउंसलर/वेलनेस शिक्षक) को नामित करें।

अन्य सीबीएसई विद्यालयों को भी उपर्युक्तानुसार पंजीकरण कर इस कार्यक्रम में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। तथापि, उनकी सहभागिता *पहले आओ, पहले पाओ* के आधार पर होगी तथा ऐसे प्रतिभागियों को अग्रिम रूप से पुष्टि ई-मेल से भेजी जाएगी। किसी भी प्रकार की जानकारी हेतु cbse.counseling@gmail.com पर ई-मेल करें।

सादर,

हस्ता/-

(हिमांशु गुप्ता)

सचिव